Hindi Miscellaneous Quiz

निर्देश (1-7): निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिये—

बाल-मस्तिष्क की प्रकृति की यह माँग होती है कि बच्चे का बौद्धिक विकास विचारों के स्त्रोत के पास हो। दूसरे शब्दों में, यह ठोस वास्तविक बिंबों के बीच और सर्वप्रथम प्रकृति की गोद में हो, जहाँ बच्चा ठोस बिंब को देखें, सुने और फिर उसका विचार इस बिंब के बारे में प्राप्त सूचना के 'संसाधन' के काम में लगे। जब

बच्चे को प्रकृति से दूर रखा जाता है, जब बच्चा पढ़ाई के पहले दिन से ही केवल शब्दों के रूप में सारा ज्ञान और बोध पाता है, तो उसके मस्तिष्क की कोशिकाएँ जल्दी ही थक जाती है और अध्यापक द्वारा प्रस्तुत काम को निभा नहीं पाता और इन कोशिकाओं को तो अभी विकसित, सशक्त, सुदृढ़ होना है। यहीं पर उस बात का कारण छिपा है, जो प्राथमिक कक्षाओं में अक्सर देखने में आती है- बच्चा चुपचाप बैठा अध्यापक की आँखों में आँखे डाले देखता है, मानों बड़े ध्यान से सुन रहा हो, लेकिन वास्तव में यह एक शब्द भी नहीं समझ पाता, क्योंकि बच्चे को नियमों पर सोच-विचार करना पड़ता है, और ये सब अमूर्त सामान्यीकृत बातें होती है।

Q1. "....वास्तव में वह एक शब्द भी नही समझ पाता ...." इसका संभावित कारण क्या है ?
(a) बच्चों के पास कोई सजीव बिंब नहीं होता
(b) बच्चे मंदबुद्धि होते हैं
(c) बच्चों के पास बहुत सीमित अनुभव होते हैं
(d) शिक्षक बच्चों की बात नहीं सुनते

Q2. बच्चों की प्रकृति के निकट रखने की बात क्यों की गई है ?
(a) प्रकृति में शुद्ध आक्सीजन मिलती है
(b) प्रकृति का हरा-भरा वातावरण बच्चों को आकर्षित करता है
(c) बच्चे अपनी इंद्रियों के माध्यम से बिंब मनाते है
(d) बच्चे को सबसे ज्यादा विचार प्राकृतिक वातावरण में ही आते हैं

Q3. केवल शब्दों के रूप में सारा ज्ञान देना-
(a) बाल-मस्तिष्क को प्रखर बनाता है
(b) बाल-मस्तिष्क की प्रकृति के विरूद्ध है
(c) बाल-मस्तिष्क की कोशिकाओं को विकसित करता है
(d) बाल-मस्तिष्क की प्रकृति के अनुकूल है

Q4. इस गद्यांश के आधार पर अपनी कक्षा में क्या करेंगे ?
(a) बच्चों को मैदान, बन-बाग की सैर कराएँगे
(b) बच्चों पर सीखने का बोझ नहीं डालेंगे
(c) बच्चों के मस्तिष्क को प्रखर के लिए कठोर, परिश्रम करेंगे ओर बच्चों से करवाएँगे
(d) ऐसे अनुकूल वातावरण का निर्माण करेंगे, जहाँ बच्चों को इंद्रिय अनुभव के अवसर मिल सकें

Q5. “यहीं पर उस बात का कारण छिपा है, जो प्राथमिक आती है।” वाक्य में किस बात की तरफ इशारा किया गया है ?
(a) बच्चे का कक्षा में सदैव डर के कारण चुपचाप बैठना
(b) अध्यापक का सदैव बोलना
(c) बच्चे द्वारा अध्यापक की बातों को न समझ पाना
(d) बच्चे द्वारा निरन्तर सोच-विचार करना

Q6. ‘किस शब्द में ‘इक’ प्रत्यय का प्रयोग नहीं किया जा सकता ?
(a) प्रकृति
(b) ज्ञान
(c) वास्तव
(d) बुद्धि

Q7. “जब बच्चे को प्रकृति से दूर रखा जाता है”।’ वाक्य के रेखांकित अंशों में कौन-सा कारक है ?
(a) कत्र्ता कारक
(b) सम्प्रदान कारक
(c) कर्म कारक
(d) अपादान कारक

Q8. भारत में हिन्दी को संविधान की किस धारा के अन्तर्गत राजभाषा घोषित किया गया है ?
(a) धारा 343 (i)
(b) धारा 343 (ii)
(c) धारा 333 (i)
(d) धारा 334 (i)

Q9. संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत हिन्दी को संघ की राजभाषा का दर्जा मिला ?
(a) अनुच्छेद 343
(b) अनुच्छेद 344
(c) अनुच्छेद 345
(d) अनुच्छेद 346

Q10. किस तिथि को हिन्दी को राज-भाषा बनाने का निर्णय लिया गया है ?
(a) 15 अगस्त 1947
(b) 26 जनवरी 1950
(c) 14 सितम्बर 1949
(d) 14 सितम्बर 1950

Q11. सपना अपनी कक्षा के बच्चों को मौखिक अभिव्यक्ति के अवसर देने के लिए अनेक क्रियाकलाप करती है। आप निम्नलिखित में से सबसे ज़्यदा प्रभावी किसे मनाते हैं ?
(a) कहानी को बोल-बोलकर पढ़ना
(b) समाचार-पत्र का वाचन करना
(c) विभिन्न परिस्थितियों में संवाद अदायगी करना
(d) शब्दों को ज़ोर-ज़ोर से बोलना

Q12. व्याकरण की समझ को संदर्भपरक प्रश्नों के माध्यम से आँकना -

(a) पूर्णतः उचित है

(b) पूर्णतः असंभव है

(c) बिल्कुल अनुचित है

(d) आंशिक रूप से उचित है

Q13. श्रवण कौशल को विकसित करने के लिए इनमें से किस प्रक्रिया का प्रयोग लाभकारी नहीं है ?

(a) विशेष सूचनाएँ सुनाना

(b) कविता-बालगीत सुनाना

(c) कहानी सुनाना

(d) ज़ोर-ज़ोर से बोलना

Q14. इनमें से किस कौशल के विकास से स्वाध्याय की प्रक्रिया का विकास होता है ?

(a) पठन कौशल

(b) लेखन कौशल

(c) मौखिक अभिव्यक्ति कौशल

(d) श्रवण कौशल

Q15. कक्षा में रवि छात्रों को जातक कथा की एक रूचिकर कहानी सुनाता है। विधि द्वारा वह छात्रों के किस कौशल का विकास कर रहा है ?

(a) श्रवण कौशल

(b) मौखिक अभिव्यक्ति कौशल

(c) लेखन कौशल

(d) पठन कौशल

Q16. किस प्रकार के प्रश्न बच्चों की भाषागत समझ का आकलन करने में अधिक सहायक नहीं होते ?

(a) अनुमानपरक प्रश्न

(b) पाठ पर आधारित तथ्यात्मक प्रश्न

(c) कल्पनापरक प्रश्न

(d) चिंतनपरक प्रश्न

Q17. नाटक-शिक्षण में सतत और व्यापक मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण है ?

(a) लिखित परीक्षा

(b) मुख्य संवादों को सुन्दर रूप से लिखना

(c) पढ़े गए नाटक का मंचन

(d) पात्रों का चरित्र-चित्रण लिखना

Q18. लेखन-कौशल में कौन-सा पक्ष सबसे कम महत्तपूर्ण है ?

(a) प्रिंट-समृद्ध वातावरण

(b) अपने अनुभवों की लिखित अभिव्यक्ति

(c) लिखित कार्य पर शिक्षक की प्रतिक्रिया/टिप्पणी

(d) सुंदर लेखन का यांत्रिक अभ्यास

Q19. 'पोर्टफोलियो' के समबन्ध में कौनसा कथन सही है ?

(a) इससे बच्चों को लिखित कार्य करने की आदत पड़ जाती है।

(b) इससे बच्चों की क्रमिक प्रगति के बारे में पता चलता है।

(c) बच्चों के कार्य को एक जगह संकलित करना प्रमुख उद्देश्य है।

(d) इससे शिक्षक के समय की बचत होती है।

Q20. भाषा के आधारभूत कौशलों में सर्वोपरि है-

(a) सुनना और बोलना

(b) पढ़ना और लिखना

(c) बोलना, पढ़ना और लिखना

(d) सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना

SOLUTIONS

S1. Ans.(c)
S2. Ans.(d)
S3. Ans.(b)
S4. Ans.(d)
S5. Ans.(c)
S6. Ans.(b)
S7. Ans.(c)
S8. Ans.(a)
S9. Ans.(a)
S10. Ans.(c)
S11. Ans.(c)
S12. Ans.(a)
S13. Ans.(d)
S14. Ans.(a)
S15. Ans.(a)
S16. Ans.(b)
S17. Ans.(c)
S18. Ans.(a)
S19. Ans.(b)
S20. Ans.(d)